**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 03 सितम्बर, 2025 :-**

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज भाजपा महिला मोर्चा, झारखण्ड प्रदेश का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को एक ज्ञापन समर्पित किया, जिसमें 01 सितम्बर 2025 को राँची में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा की शांतिपूर्ण रैली पर पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में उल्लेख किया गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि यह रैली माननीय प्रधानमंत्री जी एवं उनकी माताजी पर की गई अभद्र टिप्पणी का विरोध दर्ज कराने के उद्देश्य से निकाली गई थी। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं जब लोकतांत्रिक ढंग से कांग्रेस भवन, राँची का घेराव करने जा रही थीं, तभी पुलिस प्रशासन द्वारा बल प्रयोग किया गया। ज्ञापन में पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा महिला कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की एवं लाठीचार्ज की बात कही गई है, जिससे अनेक महिला कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आईं।

शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से इस घटना की उच्चस्तरीय जाँच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई करने तथा

भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।